अरुण धूमल का आईपीएल चेयरमैन पद पर निर्विरोध चयन

सवेरा न्यूज/कपिल बस्सी

हमीरपुर, 23 सितंबर : आईपीएल के चेयरमैन पद के लिए अरुण धूमल ने एकमात्र नामांकन प्रस्तुत किया है। 28 सितंबर को मुंबई में आयोजित होने वाली एजीएम (वार्षिक आम बैठक) में अरुण धूमल के आईपीएल चेयरमैन के रूप में निर्वाचित होने की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। ये लगातार दूसरी बार है जब अरुण धूमल निर्विरोध इस प्रतिष्ठित पद पर चयनित होंगे। अरुण धूमल के नेतृत्व में यह क्षेत्र न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी गर्व महसूस कर रहा है। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता के चलते ही धर्मशाला में कई आईपीएल मैच सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। उनके समर्थक सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें बधाई दे रहे हैं और उन्हें आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। अरुण धूमल पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के सुपुत्र हैं। उनके बड़े भाई अनुराग ठाकुर भी बीसीसीआई और एचपीसीए के अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में सांसद हैं। वर्तमान में अरुण धूमल एचपीसीए के अध्यक्ष भी हैं। उनके नेतृत्व और प्रबंधन कौशल के कारण ही प्रदेश में क्रिकेट का विकास हुआ है और खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित किए गए हैं।

अरुण धूमल

फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत

दोनों टीमों के बीच 17 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में से बंगलादेश एक मैच ही जीत सका

सवेरा न्यूज/एजैंसी

दुबई, 23 सितंबर : पाकिस्तान को एक तनावपूर्ण मैच में हराने के बाद भारतीय टीम एशिया कप सुपर 4 चरण के अगले मैच में बुधवार को बंगलादेश से खेलेगी तो भी तनाव कम नहीं रहेगा और इस मुकाबले में नजरें दोनों टीमों के स्पिनरों पर रहने वाली हैं। आंकड़ों के आधार पर देखा जाएगा तो यह मुकाबला भी एकतरफा रहने की उम्मीद है क्योंकि दोनों टीमों के बीच 17 टी-20 मैचों में से बंगलादेश एक मैच ही जीत सका है।

वन डे विश्व कप 2015 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राऊंड पर रोहित शर्मा को संदेह का लाभ देते हुए 'नॉट आऊट' करार दिए जाने के बाद से दोनों टीमों के मुकाबले तनाव से भरे रहे हैं। कागजों पर बंगलादेशी टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती और सूर्यकुमार यादव की टीम एक और शानदार जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन इस प्रारूप में कुछ भी कयास लगाना संभव नहीं है और बंगलादेश के स्पिनर बेहतर प्रदर्शन करके पासा पलट भी सकते हैं। बल्लेबाजी में हालांकि बंगलादेश का भारत से कोई मुकाबला नहीं है। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं और 210 की औसत से रन बना रहे हैं, वहीं शुभमन गिल का पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद स्ट्राइक रेट 158 के आसपास है।

बंगलादेश के 2 सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज कप्तान लिटन दास (129 प्लस) और तौहीद हृदोय (124 प्लस) के आंकड़े भी दमदार नहीं हैं। बंगलादेश चाहेगा कि भारत पहले बल्लेबाजी करे और तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान के साथ उसके स्पिनर रिशाद हुसैन और ऑफ स्पिनर मेहदी हसन जल्दी विकेट निकालें। भारत को 150-160 रन पर रोकने की दशा में ही बंगलादेश के लिए कोई उम्मीद बनेगी। भारत के लिए चिंता की मामूली बात तिलक वर्मा का स्पिनरों को अच्छे से नहीं खेल पाना है।

'क्रिकमैट्रिक' विश्लेषण साइट के अनुसार तिलक का स्ट्राइक रेट 2025 में स्पिन के खिलाफ कम रहा है। इस साल उन्होंने 7 पारियों में स्पिनरों की 80 गेंद खेलकर 92 रन बनाए और डॉट गेंदों का प्रतिशत 38 रहा है। तिलक और संजू सैमसन दोनों चौथे या पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में स्पिनरों को बखूबी खेलना जरूरी है। तिलक की तुलना में रिंकू सिंह स्पिनरों को बेहतर खेल पाते हैं लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन संयोजन में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करना चाहता।

विकेटों का शतक पूरा करने उतरेंगे पंड्या

भारत और बंगलादेश के बीच एशिया कप 2025 का सुपर-4 मुकाबला खेला जाना है, जिसमें हार्दिक पंड्या टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में विकेटों का शतक पूरा करने के इरादे से उतरेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ 21 सितंबर को खेले गए सुपर-4 मुकाबले में हार्दिक पांड्या ने फखर जमां का विकेट लेने के साथ ही सर्वाधिक टी-20 विकेट्स लेने वाले भारतीयों के मामले में युजवेंद्र चहल को पछाड़ दिया था। हार्दिक पंड्या अब तक 118 टी-20 मुकाबलों में 97 विकेट हासिल कर चुके हैं, जबकि चहल ने 80 मुकाबलों में 96 विकेट चटकाए हैं। अब अगर पंड्या बंगलादेश के खिलाफ मुकाबले में 3 विकेट हासिल करते हैं, तो टी-20 क्रिकेट में विकेटों का शतक पूरा कर लेंगे।

केआर मंगलम विवि में एनएसएस ओरिएंटेशन डे का आयोजन

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

नई दिल्ली, 23 सितंबर : केआर मंगलम विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में सेवा से पहले स्वयं विषय पर एनएसएस ओरिएंटेशन डे का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य नव नामांकित स्वयंसेवकों का स्वागत करना और उनमें मैं नहीं, तुम की भावना को जागृत करना था। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डेलीना खोंगदुप मुख्यातिथि रही। उन्होंने युवाओं से लैंगिक समानता और सामाजिक उत्थान के लिए आगे आने का आह्वान किया। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश माननीय धर्मेश शर्मा ने कहा कि एनएसएस युवाओं के लिए नैतिक राष्ट्र निर्माण का मंच है। प्रो. मेहराज उद्दीन मीर ने शिक्षा को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने के महत्व पर बल दिया। डा. विजय गौड़ ने सामूहिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया, जबकि थॉमस मोंटेरो ने सामाजिक नवाचार को युवाओं की शक्ति बताया। सामाजिक कार्यकर्ता नीरजा चौधरी ने स्वयंसेवकों से समाज में निर्भीक होकर जुड़ने का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पारंपरिक नृत्य और कविता पाठ ने सेवा और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट स्वयंसेवकों और पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। डॉ. सपना राणा और अमित कुमार सहित पूरी एनएसएस टीम के योगदान की सराहना की गई।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए भारत पर जुर्माना

सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 23 सितंबर : भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा, नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

श्रीजेश की नजरें अगले 5 साल में सीनियर टीम का मुख्य कोच बनने पर

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 23 सितंबर : दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 5 वर्ष में वह सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बनने का अपना सपना साकार कर लेंगे और उस समय तक वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए आवश्यक परिपक्वता हासिल कर लेंगे। श्रीजेश जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं। श्रीजेश ने कहा, 'कोचिंग मेरे लिए नई है। मैं 25 साल हॉकी खेला हूं इसलिए जूनियर स्तर मेरे लिए सीखने का सही स्थान है। मेरे पास सब जूनियर स्तर के लिए धैर्य नहीं है जहां आपको बुनियादी बातें सिखाने की जरूरत होती है।' उन्होंने कहा, 'एक खिलाड़ी से कोच बनना एक बदलाव है। मुझे लगता है कि जूनियर स्तर सबसे अच्छा मंच है जहां मैं बहुत कुछ सीख सकता हूं इसलिए अभी मैं इसी प्रक्रिया से गुजर रहा हूं।'

पीआर श्रीजेश

वन डे रैंकिंग में स्मृति शीर्ष, दीप्ति 5वें स्थान पर

सवेरा न्यूज/एजैंसी

दुबई, 23 सितंबर : भारतीय ऑलराऊंडर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला वन डे रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 2 स्थान के फायदे से 5वें स्थान पर पहुंच गई जबकि स्मृति मंधाना ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3 मैच की श्रृंखला में 2 शानदार शतक जड़े। दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 विकेट लिए जिससे भारतीय ऑफ स्पिनर 651 अंक के साथ 2 स्थान ऊपर 5वें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारत की क्रांति गौड़ (23 स्थान के फायदे से 39वें स्थान पर) ने अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है। ताजमिन ब्रिट्स ने दक्षिण अफ्रीका के श्रृंखला जीतने के दौरान ब्रिट्स ने लगातार 2 नाबाद शतक जड़े और 15 स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं।

'जिगर' का दूसरा नाम मोहिंदर अमरनाथ, क्रिकेट के मैदान का बॉक्सर

सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 23 सितंबर : जब तेज गेंदबाजी को खेलना तकनीक के साथ जुनून और जिगर का भी खेल था, तब मोहिंदर अमरनाथ अपने समकालीन बल्लेबाजों से बहुत आगे थे। इतने आगे कि एक बार लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर ने कहा था, 'मैंने तेज गेंदबाजी को खेलने के लिए अमरनाथ जैसा बल्लेबाज नहीं देखा।' 24 सितंबर 1950 को पंजाब के पटियाला में जन्मे अमरनाथ को क्रिकेट विरासत में मिला था। उनको लोकप्रिय तौर पर 1983 विश्व कप की जीत के हीरो के रूप में याद किया जाता रहा है। उनका सहज व्यक्तित्व आधुनिक दौर में युवाओं के बीच उतना ही लोकप्रिय रहा है, लेकिन उनकी जीवटता, खेलने का अंदाज और मानसिकता पिता से मिली सीख से बनी थी। मोहिंदर अमरनाथ का परिचय उनके लीजैंडरी पिता लाला अमरनाथ के बगैर अधूरा है। लाला अमरनाथ का कद भारतीय क्रिकेट में पितामह तुल्य है।

मैदान में दर्द को पीछे छोड़ खूब लड़े

मोहिंदर अमरनाथ का निर्भीक अंदाज कभी नहीं बदला। चाहे रिचर्ड हेडली की गेंद पर उनका सिर फूटा हो, मैल्कम मार्शल की गेंद ने उनके दांत उखाड़े हों, इमरान खान ने उन्हें अचेत कर दिया हो, या माइकल होल्डिंग की गेंद पर वे अस्पताल पहुंच गए हों, इन सबके बावजूद अमरनाथ डिगे नहीं, डटे रहे। वे ऐसे डटे कि उन्होंने पाकिस्तान में 3 शतक लगाए, वैस्टइंडीज में 2 शतक लगाए और ऑस्ट्रेलिया में भी तूफानी गेंदबाजी का सामना करते सेंचुरी लगाई।

पिता से सीखे सबक को मोहिंदर ने खेल के मैदान पर उतारने में सब कुछ झोंक दिया। वह खूंखार तेज गेंदबाजों के युग में खुद को एक बॉक्सर जैसा मानते थे। ऐसा बॉक्सर जिसे सिर्फ प्रहार करना ही नहीं आना चाहिए, बल्कि प्रहार को झेलने की ताकत भी जुटानी होगी और सबसे अहम है प्रहार सहने के बाद फिर से खड़ा होना। वे दुनिया के पहले ऐसे खिलाड़ी बने, जिन्होंने क्रिकेट विश्व कप सैमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच बनकर इतिहास रच दिया।

कारोबार

सैंसेक्स	82,102.20 ▼	सोना	1,18,600
पिछला	82,159.97	अंतर	57.87
निफ्टी	25,169.50 ▼	चांदी	1,40,200
पिछला	25,202.35	अंतर	32.85

विनिमय दरें

यूरो	104.68	अमरीका	88.77
पाऊंड	119.97	आस्ट्रेलिया	58.63
		कनाडा	64.19

आईसीआईसीआई बैंक 4 अक्तूबर से एक ही दिन में करेगा चैक क्लियर

सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 23 सितंबर : आईसीआईसीआई बैंक ने अपने चैक क्लियरिंग प्रोसेस में बड़ा बदलाव करते जमा किए गए चैक एक कार्य दिवस में क्लियर करने की जानकारी दी है। इस कदम का उद्देश्य देरी को कम कर ग्राहकों को बेहतर सुविधा देना है। 4 अक्तूबर से बैंक की सभी शाखाओं में जमा किए गए चैक एक कार्य दिवस में क्लियर हो जाएंगे और खाते में जमा हो जाएंगे। बैंक द्वारा यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए चैक क्लियरिंग सिस्टम के तहत उठाया गया है, जिसका उद्देश्य निपटान को तेज करना है। पुराने बैच-बेस्ड सिस्टम की जगह एक नया फ्रैमवर्क आएगा, जिसके तहत चैक जमा करने के कुछ ही घंटों में क्लियर हो जाएगा। चैक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) बैंकों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। यह चैक की इलैक्ट्रॉनिक इमेज और उसकी जानकारी ड्रॉई बैंक को भेजता है।

जीएसटी कटौती : केंद्र की ई-कॉमर्स मंचों पर नजर

कुछ ई-कॉमर्स मंच पर बेची जा रही रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में उचित कटौती न होने की मिल रही शिकायतें

सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 23 सितंबर : केंद्र सरकार दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ई-कॉमर्स मंचों पर उपलब्ध कराए जाने को लेकर सतर्क है और इस पर लगातार नजर बनाए है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कुछ ई-कॉमर्स मंच पर बेची जा रही रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में उचित कटौती न होने की शिकायतों के बीच सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारी कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, 'हम कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। क्षेत्रीय अधिकारी निगरानी कर रहे हैं और हमें 30 सितंबर तक उनसे पहली रिपोर्ट मिल जाएगी।' सूत्र ने कहा, 'हम ऐसी शिकायतों पर जल्दबाजी में एवं बिना सोचे समझे कोई कार्रवाई नहीं चाहते।' माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में 5 और 18 प्रतिशत की दो स्तरीय व्यवस्था 22 सितंबर से लागू की गई है। इससे 99% दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें कम हो गई हैं।

वित्त मंत्रालय ने 9 सितंबर को केंद्रीय जीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों को पत्र लिखकर 54 आम इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव की मासिक रिपोर्ट पेश करने को कहा था। 54 वस्तुओं की सूची में मक्खन, शैम्पू, टूथपेस्ट, टोमैटो केचप, जैम, आइसक्रीम, एसी, टीवी, सभी डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर, पट्टियां, थर्मामीटर, रबड़, क्रेयॉन और सीमैंट आदि शामिल हैं।

देश में इलैक्ट्रॉनिक्स बिक्री में शानदार उछाल

विशेषज्ञों ने कहा कि जीएसटी सुधार अब लागू हो चुके हैं और फैस्टिव सीजन में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग ऑनलाइन सेल के साथ देश की घरेलू इलैक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि यह उद्योगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। नए जीएसटी सुधार के साथ उपकरण सस्ते होंगे, घरेलू मांग बढ़ेगी, उपभोग को बढ़ावा मिलेगा, जो कि कुल मिलाकर भारत में इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि जीएसटी सुधार आगे चलकर स्मार्टफोन और लैपटॉप के लिए भी पेश किए जाएंगे। इस कदम के साथ स्मार्टफोन और लैपटॉप की कीमत कम होगी और डिजिटल इंक्लूशन को भी बढ़ावा मिलेगा। जीएसटी की नई दरें लागू होने के साथ ही देश भर में कंज्यूमर ड्यूरेबल स्टोर में ग्राहकों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के रिसर्च डायरैक्टर तरुण पाठक ने बताया, 'सेल के पहले दिन हमें शानदार प्रतिक्रिया देखने को मिली है। सभी चैनलों पर सकारात्मक माहौल है। इलैक्ट्रॉनिक्स में हमने देखा कि खरीद की पूछताछ कई तरह के प्रोडक्ट कैटागरी को लेकर की जा रही है।'

सीमैंट कंपनियों का ऑप्रेटिंग मुनाफा 100-150 रुपए प्रति टन बढ़ने का अनुमान

सरकार द्वारा सीमेंट पर जीएसटी दर 28% से घटाकर 18% करने से सीमेंट उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों को बड़ा लाभ मिलेगा। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के अनुसार, इस कदम से सीमेंट कंपनियों का ऑपरेटिंग मुनाफा 100झ्र150 रुपये प्रति टन तक बढ़ सकता है। ग्रामीण आवास में कुल निर्माण खर्च में 0.8झ्र1% की कमी आएगी, जिससे निर्माण कार्य की मात्रा और क्षमता वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। वित्त वर्ष 26 में सीमेंट की औसत प्राप्ति (एक्स-फैक्टरी कीमत) में 3झ्र5% की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि इनपुट कीमतें सीमित दायरे में रहने की संभावना है। इसके अलावा ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले परिचालन लाभ (ओपीबीआईडीटीए) 12 से 18% बढ़कर 900 से 950 रुपए प्रति मीट्रिक टन तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट बताती है कि वित्त वर्ष 26 के शुरूआती 5 महीनों में सीमेंट की मात्रा में 8.5% की वृद्धि हुई है। वर्तमान में सीमेंट की औसत खुदरा कीमत 350-360 रुपए प्रति बैग है, और उपभोक्ताओं को प्रति बैग 26 से 28 रुपए तक का लाभ मिलने का अनुमान है। कुल मिलाकर, परिचालन आय, मार्जिन और लीवरेज मैट्रिक्स में सुधार से बड़े सीमैंट उत्पादकों की क्रेडिट प्रोफाइल स्थिर रहने की उम्मीद है।

टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन 10,000 यात्री वाहन बेचे

वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि उसके डीलरों ने नवरात्रि पर्व के पहले दिन करीब 10 हजार यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की। नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद वाहनों की कीमतों में आई कमी से ग्राहकों की मांग में यह तेजी देखने को मिली है। टाटा मोटर्स ने कहा कि उसके यात्री वाहनों के शोरूम पर देशभर में 25 हजार से अधिक ग्राहक पूछताछ दर्ज की गई। टाटा मोटर्स यात्री वाहन खंड के मुख्य वाणिज्य अधिकारी अमित कामत ने कहा, 'हम ग्राहकों की बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया देख रहे हैं। नई जीएसटी दरों की घोषणा का हम अपने ग्राहकों को पूरा लाभ दे रहे हैं और आकर्षक त्यौहारी पेशकश भी दे रहे हैं।'

ईपीएफओ ने जुलाई माह में 21.04 लाख सदस्य शुद्ध रूप से जोड़े

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 23 सितंबर : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जुलाई महीने में शुद्ध रूप से सालाना आधार पर 5.55% अधिक 21.04 लाख सदस्य जोड़ें। श्रम मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, ईपीएफओ ने जुलाई 2025 में शुद्ध रूप से 9.79 लाख नए सदस्य जोड़े। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इनमें 18-25 आयु वर्ग के 5.98 लाख युवा शामिल हैं जो कुल नए ग्राहकों का 61.06 प्रतिशत हैं। इस वर्ग में शुद्ध पैरोल वृद्धि 9.13 लाख रही। पहले नौकरी छोड़ चुके करीब 16.43 लाख पुराने सदस्य जुलाई में दोबारा ईपीएफओ के साथ जुड़े। इसमें सालाना आधार पर 12.12 प्रतिशत की दर्ज की गई। इस आंकड़े से पता चलता है कि ईपीएफओ सदस्य अंतिम निपटान के बजाय ईपीएफ खाते में जमा राशि स्थानांतरित कर अपनी सामाजिक सुरक्षा बनाए रखने को प्राथमिकता दे रहे हैं। जुलाई 2025 में 2.80 लाख नई महिला सदस्य जुड़ीं, जिससे कुल महिला शुद्ध पैरोल वृद्धि करीब 4.42 लाख रही। इसमें सालाना आधार पर 0.17 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई जो कार्यबल में बढ़ती विविधता को दर्शाती है।

लोहा व इस्पात

नई दिल्ली (प्रति टन) : जीएसटी पेड सरिया : कामधेनु : (8 एमएम) 62300, (10 एमएम) 61100, (12 एमएम) 58800, (16-25 एमएम) 59900, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस) : (8 एमएम) 372, (10) 570, (12) 805, (16) 1432, (20 एमएम) 2239, (25 एमएम) 3496, अम्बा शक्ति -500 एसडी : (8 एमएम) 62100, (10 एमएम)60000, (12 एमएम) 59500, (16-25 एमएम) 59300, (32 एमएम) 59700, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 61900, (10) 59900, (12) 59300, (16-25) 59500, (32) 59100, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 61800, (10) 59100, (12) 59500, (16-25) 61000, (28-32) 58700, बिरला (8 एमएम) 62700, (10 एमएम) 59700, (12 एमएम) 59300, (16-25 एमएम) 58400, टीएमटी : जयभारत : (8 एमएम) 61700, (10 एमएम) 60600, (12 एमएम) 58200, (16-25 एमएम) 59300, अनमोल-500 एसडी : (8 एमएम) 61700, (10 एमएम) 60600, (12 एमएम) 58200, (16-25 एमएम)60300, एंगल : राना (जीएसटी अतिरिक्त) (50×5) 41900, केवीएस-एमएस (35×5) 45400, (40×5/6) 44900, (50×5) 45400, (50×6) 45900, (65×5/6) 46400, जयभारत : (50×5 से 75×10) 44900, अनमोल : 44900, बिरला 44400, चैनल : राना (जीएसटीअतिरिक्त) 42900, एमएस (केबीएस) (75×40) (100×50) 45900, जयभारत 45100, अनमोल 45100, बिरला 45400, गार्डर (ज्वाइस्ट) : जयभारत 48300, अनमोल 48300, टी-आयरन : राना 45400, (बिलट) : (ढाई से तीन इंच) 35900, (साढ़े तीन इंच) 36400, (चार इंच) 36900, (पांच इंच) 37400, (छः इंच) 37400, स्क्रैप : पुरानी 32000, मैल्टिंग स्क्रैप 34000, इंगट 40000, राउंड 45000

कल क्या होगा

नई दिल्ली (एनएनएस) : गुरुवार आश्विन सुदी तृतीया को जौ, जई, ढ़ैचा, देशी चना, मसूर, मोठ, राजमा चित्रा, ग्वार, ग्वार गम, देशी घी, दूध पाउडर, सरसों व सभी खाद्य तेलों में, लोबिया, महुआ फूल, इमली, जीरा, लौंग, हल्दी, जावित्री, अमचूर, लालमिर्च, बादाम, गोला, पारा, गुड़, कॉपर, पीतल में लाभ तथा गेहूं, ज्वार, तुवर, मूंग, मटर, काबुली चना, बिनौला, पिस्ता, धनिया, अजवाइन, चीनी, वनस्पति घी, शक्कर, अंजीर, जायफल, किशमिश, काजू, द्राख गोला में हानि की संभावना है। भाग्यांक 1-4-5-8 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 10.27 बजे पूर्वाहन के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।

अलौह धातु

नई दिल्ली (एनएनएस) (किलो/जीएसटी अतिरिक्त) : एंटीमनी : चीन ×, कैडमियम : रॉड ×, मैक्सिको ×, प्लेट ×, लैड (सीसा) : बैट्री सफेद 104, बैट्री काला 86, देशी मुलायम 177/190, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 192/200, चार प्रतिशत 197/210, पी.पी.×, गन मैटल स्क्रैप : लोकल 656, मिक्स 666, जालंधर 686, ब्रास (पीतल) : हनी 578/608, रेडिएटर देशी 416, रेडिएटर विदेशी 416, चादरी देशी 553/588, पुर्जे स्क्रैप 538/573, टिन (रांग) : इंगट अफ्रीका 3075, इंडोनेशिया 3100, जिंक (जस्ता) : इंगट (पटरा) एचजेडएल 287, एजेड 341, आईजेड 289, आईजे 291, पीएमआई 257, ड्रास (ढीमा) 231, निकिल कैथोड : रसियन- (4×4) 1350, (8×8) 1355, (4×24) 1360, नार्वे (4×4) 1370, (4×24) 1380, कॉपर (तांबा) : आरमेचर प्लांट 833, भट्ठी 831, सीसी 946, एल्यूमीनियम : सीजी इंगट 259, शीट कटिंग 239, वायर स्क्रैप 244, बर्तनफूट 211, पुर्जाफूट 194, रॉड : लोकल 255, कम्पनी 275

लोहा बाजार

मंडी गोबिंदगढ़/ खन्ना (सुबोध, मोहित) : इंगट (कुल्फी)- 40000, बिलैट- 40000, मैलटिंग स्क्रैप- 31300, पुरानी स्क्रैप- 28300, ऐंगल- 37900, चैनल- 47800, पत्तरा- 42000, गार्डर- 47800, पाइप- 44100, राऊंड सरिया- 43800, सरिया (TMT) लोकल- 45300, सरिया (TMT ब्रांडेड ISI) के.ए.वाई. 2- 51031, कामधेनु नैक्स्ट 51901 (जी.एस.टी. अतिरिक्त)

पंजाब की मंडियां

खन्ना

जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.) : राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)180, राइसब्रान (अखाद्य) 178, खल सरसों 2520, डीओसी : राइसब्रान बैच सफेद 1300, लाल ×, कंटीन्यूअस 1300, सरसों (टन) 17000, सूरजमुखी (टन) 17000, अनाज : गेहूं 2630/2640, आटा (50 किलो)1500, मैदा 1600, चोकर (45 किग्रा) 1150, चोकर (30 किग्रा) 700, मक्की बिहार 2400/2450

लुधियाना

दाल-दलहन : राजमां चित्रा 8500/12200, अरहर दाल 9000/10500, उड़द साबुत 9000/10500, उड़द धोया 10200/11700, छिलका 9000/10500, दाल मसूर 7800/11000, चनादाल 7150/7350, एग्रो प्योर बेसन (35 किग्रा.)2850, काबली चना 7000/12400, मूंग साबुत 8500/9400, मूंग धोया 9400/11000, चावल : डीबी सेला 7500/7600, शरबती स्टीम 5200/5400, चावल 1121 सेला 7600/7700, लालकिला 14600, तेल : बिनौला 12400, चावल तेल 11600, सरसों 15500/15600, खल : सरसों 2600/2650, बिनौला 3950/4050, डीओसी : मूंगफली 25500, किराना : जीरा 23500/24800, धनिया 9400/13500, हल्दी 13000/15000, केसर प्रति ग्राम कश्मीरी 210/220

अमृतसर

चावल : बासमती (1121 नं.) स्टीम 8500/8600, सेला 7700/7800, शरबती सेला 4300/4500, शरबती स्टीम 5200/5500, चावल 1509 सेला 6350/6450, धान : शरबती 2250/2450, बासमती 1121 धान 4400/4500, धान (1509) नया 3200/3300, पीआर-11 चावल 4100/4200, देशी चना 7000/7100, चनादाल 7150/7350, गुड़ (क्विं) : लड्डू मंगलौर ×, देशी पंजाब 4975/5025, शक्कर देशी 5100/5125, बूरा खांड 5000/5025

संगरूर

गेहूं 2800/2810 आटा (50 किलो) 1575/1585, मैदा (50 किलो) 1665/1675, सूजी (50 किलो) 1770/1780, चावल 1121 सेला 7400/7500, स्टीम 8400/8500, शरबती चावल सेला 4000/4100, स्टीम 5000/5100, चावल परमल कच्चा 3500/3600, सेला 3200/3300, देशी चना छना 6800/6900, दाल चना 7150/7350, उड़द छिलका 9500/11800, राजमां चित्रा देशी 9000/11700, चाईना 11300/12000, काबली चना 6800/10600, किराना : जीरा 22000/24700, धनिया 9200/13000, लालमिर्च गुंटूर 341 न. 15500/20000, तेजा 17500/22000, हल्दी इरोड़ गट्ठा 13100/13300, निजामाबाद फली 14000/15100, मेवा (किलो) : काजू : (320 नं.) 1030/1040, (210 नं.) 1120/1140, (240 नं.) 1100/1110, (180 नं.) 1220/1230, दो टुकड़ा 850/860, चार टुकड़ा 830/840, आठ टुकड़ा 800/805, गोला 38500/43000

बठिंडा

रुई (प्रति मन) : जे-34 पंजाब 5440/5450, हरियाणा नयी 5420/5425, राजस्थान 5430/5450, बिनौला 4300/4400, नरमा कपास 6500/7000, खल (प्रति क्विं.) बिनौला 4100/4200, सरसों खल 2550/2600, गेहूं चोकर (29 किलो) 600, (किलो 50) 1110

जालंधर

गेहूं दड़ा 2725/2730, चावल परमल कच्चा 3400/3600, सेला 3250/3300, मक्की बिहार 2300/2400, यूपी 2275/2300 दाल उड़द छिलका 9600/11700, चना देशी छना 7100/7200, दाल चना 7200/7300, काबली चना 6600/11200, राजमां चित्रा पुणे 9000/11600, चीन 11000/11800, शर्मिली 7600/8500, किराना : जीरा 22300/24400, धनिया 9300/13300, लालमिर्च गुन्टूर-(334 नं.) 15000/17000, तेजा 17000/22000, हल्दी इरोड गट्ठा 13100/13200, निजामाबाद 13500/14500, मेवा (किलो) : काजू : (320 नं.) 1070/1080, (210 नं.) 1030/1140, (240 नं.) 1090/1110, (180 नं.) 1150/1170, मखाना 900/1350, गोला 38000/44000

अंडा भाव (अमोल/मोहित)	₹517	प्रति सैकड़ा
राइस ब्रान तपा/बरनाला (अमोल)	₹176	प्रति प्वाइंट

रूई बाजार

तपा मंडी (आरती/मोहित) : कॉटन (रुई) 5250 रुपए प्रति मन, नरमा 6300 प्रति क्विंटल, खल बिनोला 3980 रुपए प्रति क्विंटल, खल सरसों 3500